नाम .......... अनुक्रमांक ........

# वार्षिक परीक्षा 2020

## हिन्दी

कक्षा-8 SC-VIII-हिन्दी

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 100

निर्देश—(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख निर्दिष्ट हैं।

1. **निम्नलिखित गद्य-पद्य खण्डों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित अर्थ लिखिए—** 3 + 12 = 15

(क) इसी चित्तवृत्ति की दृढ़ता के सहारे दरिद्र लोग दरिद्रता और अपढ़ लोग अज्ञता से निकलकर उन्नत हुये हैं तथा उद्योगी और अध्यवसायी लोगों ने अपनी समृद्धि का मार्ग निकाला है। इसी चित्तवृत्ति के आलम्बन से पुरुष-सिंहों को यह कहने की क्षमता हुई है, "मैं राह ढूँढूँगा या राह निकालूँगा।" यही चित्तवृत्ति थी जिसकी उत्तेजना से शिवाजी ने थोड़े वीर मराठे सिपाहियों को लेकर औरंगजेब की बड़ी भारी सेना पर छापा मारा और उसे तितर-बितर कर दिया।

(ख) मोहन मूरति स्याम की, अति अद्भुत गति जोइ।
बसत सुचित-अन्तर तऊ, प्रतिबिम्बित जग होइ॥

2. **निम्नलिखित संस्कृत अवतरणों में से किसी एक खण्ड का हिन्दी में अनुवाद कीजिए—** 8

(क) शिरसि तरुणां रविकिरणानां, खेलति रूचिररूणाभा:।
उपरि दलानां हिम-कणिकानां, काऽपि हृदय-हर-शोभा॥

(ख) अस्माकं प्रदेशस्य मध्य दक्षिणभागे अति प्राचीनं प्रयागनगरं स्थित मस्ति, वस्योन्तरत: गङ्गा दक्षिण त: यमुना च नद्यौ: अपि तत्र सरस्वत्या: नद्या: अपि काचिद् अदृश्यधारा वह ति पुराणेषु वर्णितम्। तस्य नगस्य प्राच्यां दिशि तिसृणाभपि नदीनां भवति कश्चित् शोभन: सङ्गम:।

3. **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

(क) धतूरे की अपेक्षा 'सोने' को अधिक मादक क्यों कहा गया है ? 4

(ख) जापान में हिन्दी की क्या स्थिति है ? 4

(ग) कवि रसखान ने वाणी की क्या विशेषता बतायी है ? 4

(घ) सोना जंगल के परिवेश से गाँव में कैसे आ गयी ? 4

(P.T.O.)



(ङ) निराशा में आशा का संचार किस रूप में होता है ? 4

4. **'महान व्यक्तित्व' के निम्न पाठों में से किसी एक पाठ का सारांश लिखिए—** 8

नामदेव, राजा राममोहन राय, स्वामी विवेकानन्द।

5. (क) विसर्ग सन्धि की परिभाषा उदाहरणों सहित दीजिए। 6

**(ख) निम्न मुहावरों में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए—** 4

छाती ठोंककर आगे बढ़ना, कठपुतली बनना, फूटी आँखों न सुहाना, अक्ल बड़ी या भैंस।

**(ग) निम्न में किन्हीं दो समास पदों का विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए—** 4

अहंकार वृत्ति, आत्म-संस्कार, आत्म-मर्यादा, मृग-समूह।

**(घ) निम्न में किन्हीं दो का सन्धि-विच्छेद कीजिए—** 4

निर्मल:, सदानन्द:, उद्गम:, हरिश्चन्द्र:।

**(ङ) निम्न में से किन्हीं दो के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए—** 4

अमृत, ईश्वर, पर्वत, गंगा।

**(च) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं तीन वाक्यांशों के लिए एक उपयुक्त शब्द लिखिए—** 6

(i) जो भगवान को मानता है।

(ii) गंगा गा उद्गम स्थान

(iii) माँस खाने वाला

(iv) कम खर्च करने वाला

(v) इन्द्र की नगरी

(vi) अच्छे आचरण वाला।

6. (क) **'मुनि'** अथवा **'सरित'** शब्द के चतुर्थी विभक्ति सभी वचनों के शब्द रूप लिखिए— 4

(ख) **'पा'** अथवा **'नी'** धातु के लट्लकार उत्तम पुरुष सभी वचनों के धातु रूप लिखिए। 4

7. अपनी बहिन की शादी में सम्मिलित होने के लिए अपने प्रधानाचार्य जी को तीन दिन की छुट्टी के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए। 6

8. **निम्न में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए—** 15

(i) विजया दशमी (दशहरा) (ii) भारतीय किसान

(iii) बसन्त ऋतु (iv) विद्यालय का वार्षिकोत्सव।